


# वार्षिक विवरणिका : 2017–2018



मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि माननीय प्रो. सुषमा यादव एवं स्टॉफ काउंसिल सचिव डॉ. प्रिया भल्ला और मंच के सम्मुख बैठे सहयोगी शिक्षकगण, कर्मठ–कुशल कर्मचारी बंधुओं, प्रिय छात्र एवं छात्राओं। मैं इस वार्षिकोत्सव के अवसर पर आपका हार्दिक अभिनंदन करती हूँ।

'मोतीलाल नेहरू कॉलेज, सांध्य' प्रारम्भ में 'Govt. Degree College' के नाम से 1965 ई. में स्थापित किया गया था। उसके पश्चात् 1967 ई. में इस कॉलेज का नााम बदलकर 'हस्तिनापुर कॉलेज' रखा गया। उसके बाद 1977 ई. महान विभूति प्रख्यात कानूनविद् एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित मोतीलाल नेहरू के नाम पर इस कॉलेज का नाम 'मोतीलाल नेहरू कॉलेज' रखा गया। 1995 ई. में इस कॉलेज को 'सांध्य कॉलेज' का स्वतंत्र दर्जा मिला और तब से एक स्वतंत्र कॉलेज की तरह कक्षाएं लगने लगी।

इस कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य, विख्यात शिक्षाविद् डॉ. आर. के. भान थे। आने वाले वर्षों में डॉ. शंकरदेव शर्मा 'अवतरे', डॉ. सुरेशचन्द शर्मा, डॉ. बी. के. शर्मा, डॉ. एस. के. शर्मा जैसे प्रशासनिक दक्षता वाले व्यक्तियों ने कॉलेज के प्राचार्य पद का दायित्व संभाला।

आज के वार्षिकोत्सव के अवसर पर हमारे मुख्य अतिथि ऐसे व्यक्ति हैं जिनके लिए औपचारिक परिचय की आवश्यकता नहीं है। तथापि इस औपचारिकता को निभाने में मैं गौरव का अनुभव करूँगी।

प्रो. सुषमा यादव Indian Institute of Public Administration (IIPA) नई दिल्ली के Public Policy and Governance विभाग में कार्यरत हैं। वर्तमान में आप UGC की सदस्य हैं तथा Indian Political Science Association की अध्यक्ष भी। 2013 से 2015 तक आप IGNOU की Pro-Vice Chancellor भी रह चुकी हैं। आपने दिल्ली विश्वविद्यालय **के** Delhi College of Arts and Commerce में 25 वर्षों तक राजनीति विज्ञान विषय में शिक्षण कार्य किया है |

आप पिछले 37 वर्षों से शोध एवं शिक्षण के क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। आपकी 12 पुस्तकें प्रकाशित हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। अनेकों अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में आप शोध–पत्र प्रस्तुत कर चुकी हैं। अमेरिका, चाइना, चिलि, पेरु, नेपाल आदि देशों में आयोजित कार्यशाला और संगोष्ठियों में भाग ले चुकी हैं।

आप दिल्ली विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद की चुनी हुई सदस्य रही हैं। आप कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज़, दिल्ली विश्वविद्यालय के गवर्निंग बॉडी की अध्यक्ष रही हैं और Indian Social Institute, New Delhi में गवर्निंग बॉडी की सदस्य भी रही हैं। इसके

साथ–साथ आप National Assessment and Accreditation Council (NAAC), Bangalore के PEER team की भी सदस्य हैं। आप केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, षिमला के शैक्षणिक परिषद की नामित सदस्य हैं। आप केन्द्रीय विश्वविद्यालय गढ़वाल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के Board of Studies की सदस्य हैं। आप इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद की सदस्य हैं। आप केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा तथा इलाहाबाद राजकीय विश्वविद्यालय के आधिकारिक परिषद की सदस्य हैं। आप National Social Science Association के Founding President हैं।

आपको शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है –

1. यूनिवर्सल पीस फेडरेशन, नई दिल्ली ने 23 नवम्बर 2015 को "Ambassador of Peace" पुरस्कार से सम्मानित किया।

2. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2015 को दिल्ली स्टडी ग्रुप ने "Woman Leader Award" से सम्मानित किया।

3. फोरवर्ड प्रेस ने 27 जून 2014 को महात्मा ज्योतिबा फूले एवं क्रान्ति ज्योति सावित्रीबाई फूले बालिजन रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

4. अन्तर्राष्ट्रीय सत्य शोधक समाज ने पहली बार 10 दिसम्बर 2011 को फूले बालिजन रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

5. डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारधारा का प्रचार एवं शिक्षा क्षेत्र में इनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए जीवक वेलफेयर सोसायटी नागपुर ने 5 जून 2010 को जीवक शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।

6. पिछडे–वर्ग के सशक्तिकरण के लिए फार्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन, नई दिल्ली ने 18 अप्रैल, 2008 को "National IFJA Kasturba Award" से सम्मानित किया।

7. शिक्षा, महिला एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में इनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए Mrs. Helena Kaushik Women's College, Rajasthan ने 12 अगस्त 2016 को "National Leader Award" से सम्मानित किया।

8. सेन्ट्रल लॉ कॉलेज, सालेम, तमिलनाडु के 5 अगस्त 2006 में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में आप Guest of Honour रहीं।

9. आपको Indian Institute of Advanced Studies, Shimla द्वारा 1997–2000 में Inter-University Center की Associateship से सम्मानित किया गया।

10. आपको Indian Council of Social Science Research की Short-Term Doctoral Fellowship से सम्मानित किया गया।

11. Higher secondary examination, CBSE 1975, में चौथा स्थान प्राप्त करने पर आपको Certificate of Merit से पुरस्कृत किया गया।

## कॉलेज की गवर्निंग बॉडी

वर्तमान गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री खेमचन्द जागीरदार जी हैं। आप पेशे से वकील हैं तथा सर्वोच्च न्यायलय में प्रैक्टिस करते हैं। आप दिल्ली दूरदर्शन एडवाइजरी समिति के सदस्य रहे हैं। आप भारत सरकार के खाद एवं रसायन मंत्रालय में सलाहकार समिति के सदस्य रहे हैं। हमारे लिए यह गौरव, हर्ष और प्रेरणा की बात है कि श्री खेमचन्द जी मोतीलाल नेहरू कॉलेज में छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे हैं। आप दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ में Executive Councillor रहे हैं।

श्री खेमचन्द जी समर्पित समाज सेवी हैं। आप All India Blind Relief Society की गवर्निंग बॉडी के सदस्य हैं। किसानों की समस्याओं के प्रति आप जागरूक हैं और इस क्षेत्र में आपके कार्य सराहनीय हैं। इसी तरह के अनेक सामाजिक कार्यों से आप जुड़े हुए हैं।

मुझे यह बताते हुए अत्यधिक खुशी हो रही है कि श्री खेमचन्द जी ने इस कॉलेज के लिए कुछ असंभव कार्य को संभव बनाया। आपके द्वारा किए गए कार्य अविस्मरणीय हैं, जिनका मैं उल्लेख करने जा रही हूँ'–

1. बिजली का HTL कनेक्शन।
2. दिल्ली जल बोर्ड के पानी का कनेक्शन।
3. भवन समिति में मोतीलाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) का अब तक कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं था। आपके प्रयास से भवन समिति में हमारे कॉलेज के पांच सदस्यों को शामिल किया गया है।

4. इसी तरह आपके प्रयास से भवन मैनेजमेंट समिति में दो सदस्य और कैंटीन समिति में भी दो सदस्य को शामिल किया गया।

5. आपके प्रयास से ही फिजिकल एजुकेशन विभाग को अब जाकर एक स्वतंत्र कमरा मिला है।

6. हम आपसे उम्मीद करते हैं कि आपके नेतृत्त्व में हमें बहुत जल्द सांस्कृतिक कक्ष मिल जाएगा, जिससे हमारे विद्यार्थियों को अभ्यास करने में सुविधा हो जाएगी।

7. हम आपसे उम्मीद करते हैं कि कॉलेज में नए कमरों का निर्माण अतिशीघ्र हो जाएगा, जिससे हम एक घण्टा अपना समय prepone कर पाएंगे ताकि हमारी छात्राएं रात को समय पर एवं सुरक्षित घर पहूँच सकें।

8. हम आपसे उम्मीद करते हैं कि सांध्य कॉलेज का एक अलग भवन आपके अध्यक्षीय कार्यकाल में बन जाए ताकि हम इसे Morning College में परिवर्तित कर सके।

श्री वीरेन्द्र सिंह काडियान वर्तमान गवर्निंग बॉडी में कोषाध्यक्ष हैं। आप पेशे से वकील हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में आपका कार्य सराहनीय है। हमें उम्मीद है कि आप कॉलेज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## कॉलेज भवन

आज कॉलेज के पास दस एकड़ भूखण्ड पर बना अपना भवन तो है परन्तु अभी भी अपूर्ण और अपर्याप्त है। अध्यापन कक्ष, भाषा प्रयोगशाला कक्ष, सभागार भवन आदि का निर्माण होना अभी शेष है।

## पुस्तकालय

हमारे कॉलेज का पुस्तकालय बहुत समृद्ध होने के साथ–साथ पूर्णतः वातानुकूलित है। इसमें 73,600 हजार पुस्तकों का अनूठा संग्रह है। इस शैक्षणिक वर्ष में 1,254 नई पुस्तकें खरीदी गई। पुस्तकालय में सभी प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्र–पत्रिकाएं आती हैं। इस वर्ष पुस्तकालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित Information and Library Network Centre (INFLIBNET) एवं National Library and Information Services (N-List)

का नवीनीकरण कराया। इस लिस्ट में 6 हजार से अधिक ई.–जर्नल्स तथा एक लाख से अधिक ई.–बुक्स उपलब्ध है। N-List देखने के लिए प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को यूजर आई. डी उपलब्ध कर दी गई है। इस सेवा का लाभ प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को मिल रहा है। हमारा इलैक्टॉनिक रिसोर्स सेंटर भी पूर्णतः वातानुकूलित है और अत्याधुनिक कम्प्यूटर सिस्टम एवं साफ्टवेयर से सुसज्जित है। रिसोर्स सेंटर में प्राध्यापकों के लिए अलग से अध्ययन कक्ष की व्यवस्था है। पुस्तकालय का संचालन कार्यवाहक लाइब्रेरियन श्री राधेश्याम जोशी की देखरेख में एक पुस्तकालय समिति के परामर्श द्वारा होता है। डॉ. विद्याशंकर सिंह, हिन्दी विभाग पुस्तकालय परामर्श समिति के संयोजक हैं। जिनका परामर्श और सुझाव पुस्तकालय को समय–समय पर मिलता रहता है। पुस्तकालय का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है जिसके लिए डॉ. विद्याशंकर सिंह धन्यवाद के पात्र हैं। पुस्तकालय की लगभग सभी किताबों को बार–कोडिंग कर दी गई है जिससे छात्र कम्प्यूटर के माध्यम से आसानी से किताबें ढूंढ़ लेते हैं।

मैं यह सूचित करना चाहती हूँ कि पर्याप्त स्टाफ न होने पर भी पुस्तकालय की सेवाएं एक दिन के लिए भी बाधित नहीं हुई।

## प्रशासनिक

यह बताते हुए मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है कि सांध्य कॉलेज होने के बावजूद कक्षाएं सुचारु रुप से नियमित लग रही है। इसके लिए मैं विशेष ध्यान देती हूं। हमारे सारे शिक्षक कर्मठ एवं दायित्वशील हैं। कार्यवाहक प्राचार्य के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मैंने कॉलेज में अकादमिक और सांस्कृतिक वातावरण को बेहतर से बेहतर बनाने की कोशिश की है। प्रशासनिक वातावरण भी बेहतर हुआ है। प्राचार्य और कर्मचारियों के बीच तालमेल बेहतर होने की वजह से कॉलेज का अनुशासन भी बेहतर हुआ है। कोई भी अप्रिय घटना मेरे कार्यकाल में अभी तक सामने नहीं आया है। हमारे विद्यार्थियों ने अकादमिक, सांस्कृतिक, खेल–कूद एवं अन्य गतिविधियों में अंतर्महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

हमारे लिए सुखद संयोग है कि पिछले कई वर्षों से निरंतर विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने में स्टाफ की कमी के चलते एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके हमें अपने सभी कर्मचारियों की कार्य–कुशलता पर गर्व है, जिन्होंने इस समस्या का सामना कुशलतापूर्वक किया है। इसके लिए मैं अपने प्रशासनिक अधिकारियों श्री राजेश हान्डू एवं श्री श्रवण कुमार का आभार प्रकट करती हूँ। सेक्शन ऑफिसर (Accounts) एवं कार्यवाहक सेक्सन ऑफिसर (Administration) श्री गुलशन कुमार का आभार प्रकट करती हूँ। मैं अपने उन सभी कमर्चारियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके विशेष योगदान से कॉलेज का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## प्राध्यापक

यह कॉलेज का सौभाग्य है कि यहाँ विशिष्ट योग्यताओं से युक्त प्राध्यापक हैं। इस कॉलेज के अनेक प्राध्यापक शोध–निर्देशक भी है। कॉलेज में कुल 82 प्राध्यापक हैं जिनमें 36 प्राध्यापक स्थाई हैं एवं 46 प्राध्यापक तदर्थ के रूप में कार्यरत हैं। स्थाई प्राध्यापकों में से 5 प्राध्यापक शोध कार्य के लिए छुट्टी पर हैं। प्राध्यापकों के लेख प्रतिष्ठित पत्र–पत्रिकाओं में प्रायः छपते रहते हैं।

## अंग्रेजी विभाग

### ➢ डॉ. प्रदीप शरण (एसोसिएट प्रोफेसर)

1. संत टेरेसा कॉलेज, कोच्ची, करेला में English Language Teachers' Association of India (ELTAI) की ओर से 29 जून से 01 जुलाई 2017 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। इस सम्मेलन में "The use of Technology in the Teaching of Speaking Skills in India" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
2. Language Forum पत्रिका के Vol. 43 में दो शोध–पत्र प्रकाशित हुए:
    1. "Pre-service and In-service Training of Teachers of English in India-A Challenge"
    2. "The use of Technology in the Teaching of Speaking Skills in India"

## ➢ अजहरुद्दीन (असिस्टेंट प्रोफेसर)

1. अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका Lapis Lazuli में “9/11 –Between Legibility and Rituality” विषय पर शोध–पत्र प्रकाशित हुआ।
2. जाधवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता की आरे से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "Problems of Constructing Muslim Identity: Analyzing Racial and Moral discourse in two post- 9/11 Novels" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

## ➢ देवाशीष पराशर (असिस्टेंट प्रोफेसर)

1. इनकी कई कविताएँ सर्बियन, रसियन, मेसिडोनियन, स्लोवाकियन, आफ्रिकानस आदि भाषाओं में अनूदित और प्रकाशित है।
2. इन्डोनेशियन भाषा में अनूदित इनकी कविताएँ मकासर इस्लामिक विश्वविद्यालय, इन्डोनेशिश के पाठ्यक्रम में सम्मिलित की गई।

## ➢ पारूल बत्रा (असिस्टेंट प्रोफेसर)

आपने Henry Giroux की पुस्तक “On Critical Pedagogy” की समीक्षा की, जो Fortell पत्रिका के Vol.36 में प्रकाशित हुई। इनकी एक और समीक्षा International Journal of Tribal Literature and Cultural Studies में प्रकाशित हुई।

## ➢ डॉ. अकिल अख्तर (असिस्टेंट प्रोफेसर)

Literary Journal पत्रिका में “Existential Element in Salman Rushdie’s Midnight's Children” विषय पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

## ➢ प्रियंका पनवार (असिस्टेंट प्रोफेसर)

1. केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश की ओर से आयोजित सम्मेलन में "Locating 'The Room on the Roof' in Ruskin Bond's literary landscape" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत कियझं
2. Ad Litteram नामक अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका में ‘बिन्दी’ शीर्षक से कविता प्रकाशित हुई।

## हिन्दी विभाग

### ➢ डॉ. विद्याशंकर सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर)

1. केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय (MHRD) की ओर से 'हिन्दीतर भाषी, हिन्दी लेखक पुरस्कार' चयन समिति के लिए विषय–विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किए गए।
2. अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका 'शोध–दृष्टि' में "रंगभूमिः पुनर्पाठ की आवश्यकता" विषय पर शोध–पत्र प्रकाशित हुआ।
3. महाकवि जयशंकर प्रसाद फाउंडेशन और हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "जयशंकर प्रसाद के नाटक : इतिहास और वर्तमान" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
4. सम्पादित पुस्तक 'उपन्यास का वर्तमान' मे "मोहनदास महात्मा गाँधी कैसे बना : सदंर्भ पहला गिरमिटिया" शीर्षक में शोध–पत्र प्रकाशित हुआ।

### ➢ डॉ. विपुल कुमार (असिस्टेंट प्रोफ्रेसर)

इस वर्ष 'पटकथा तथा संवाद लेखन' नामक पुस्तक श्री नटराज प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशित हुई है।

### ➢ पुष्पा मीना (असिस्टेंट प्रोफ्रेसर)

सितम्बर 2017 को आप ने पीएच.डी शोध–प्रबन्ध दिल्ली विश्वविद्यालय में जमा किया।

### ➢ सुमन (असिस्टेंट प्रोफ्रेसर)

1. मई 2017 में Vidyawarta International Research Journal पत्रिका में "महादेवी वर्मा के काव्य में बिम्ब और प्रतीक" विषय पर शोध–पत्र प्रकाशित हुआ।
2. जून 2017 में "महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श" विषय पर विद्यावार्ता जर्नल पत्रिका में शोध–पत्र प्रकाशित हुआ।
3. 10 मार्च 2018 को ICAN International Conference में "फेक न्यूज और उसका सामाजिक प्रभाव" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
4. नटराज प्रकाशन से "शोध प्रविधि" नामक पुस्तक अप्रैल 2018 में प्रकाशित हुई।

## अर्थशास्त्र विभाग

- **डॉ. प्रिया भल्ला (असिस्टेंट प्रोफेसर)**

  यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आपको नेहरू मेमोरियल और म्यूजियम लाइब्रेरी द्वारा 2 वर्ष के लिए फेल्लोशिप दिया गया है।

- **डॉ. अंजली अग्रवाल (असिस्टेंट प्रोफेसर)**

  आपने जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज सांध्य, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "Adoption of Ethanol as Biofuel in India: Economic and Environmental concerns" विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

## इतिहास विभाग

- **डॉ. पिन्टु कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर)**

इनकी पुस्तक “Buddhist learning in South Asia” Lexington Books. NewYork, USA से प्रकाशित है।

## वाणिज्य विभाग

- **डॉ. ऑनेस्ट मोहिद्दीन (असिस्टेंट प्रोफेसर)**

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से इन्होंने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की।

## राजनीति विज्ञान विभाग

- **डॉ. जी.एन. त्रिवेदी (एसोसिएट प्रोफेसर)**

1. "Resurgence of Maoist Movement in India: An Inter-State Study" विषय पर UGC को मेजर प्रोजेक्ट रिपोर्ट 2017 में जमा किया।
2. 15 एवं 16 जून 2017 को हाँगकाँग विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में आपने दो शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

3. Developing Countries Research Centre, (DCRC) दिल्ली विश्वविद्यालय में 12 मार्च 2018 को "Democratic Transition in India" विषय पर व्याख्यान के लिए आपको आमंत्रित किया गया।

➢ **डॉ. राधानाथ त्रिपाठी (एसोसिएट प्रोफेसर)**

1. आपके द्वारा सम्पादित दो पुस्तकें 2017 में प्रकाशित हुई।
2. तीन अलग–अलग पत्रिकाओं में शोध–पत्र प्रकाशित हुए।
3. 2018 में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठीयों में सात शोध–पत्र प्रस्तुत किये।
4. झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में आपने मुख्य वक्तव्य दिया।

## अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियां

➢ **अंग्रेजी विभाग : श्रीमती स्वागता रॉय, विभाग प्रभारी**

1. 24–25 अगस्त 2017 को "Tribal folk dances of India: Contextualising Art and Culture" विषय पर U.G.C से अनुदान प्राप्त दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ. राजेश कुमार ने किय।
2. 23 सितम्बर 2017 को "On Critical Reading Skills and Language Awareness" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें प्रो. रजनीश अरोड़ा ( निदेशक English and Foreign Languages University- EFLU, लखनऊ) को आमंत्रित किया गया था।
3. अन्तराष्ट्रीय रचनात्मक लेखन कार्यशाली का आयोजन किया गया, जिसमें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अध्ययनरत और ख्याति प्राप्त कवयित्री सुश्री उषा अकेला को आमन्त्रित किया गया था।
4. दो व्याख्यान का आयोजन किया गया थारू
    1. प्रो. श्यामा प्रसाद गांगुली, JNU ने "A Presentation on Dams as Mimetic Art" विषय पर व्याख्यान दिया।

2. डॉ. मनस्वनी एम. योगी, निदेशक, दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म ने "Advertising and Media Communication Skills" विषय पर व्याख्यान दिया।

5. 3–4 अप्रैल 2018 को वार्षिक उत्सव 'LitBenthos 2018' का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों द्वारा अनेक कार्यक्रम किए गए।

## ➢ इतिहास विभाग : डॉ. दिनेश चन्द्र वार्ष्णेय, विभाग प्रभारी

27 मार्च 2018 को प्रो. अमर फारुकी, इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय को "The Revolt of 1857 and the anti-colonial struggle in India" विषय पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया।

## ➢ अर्थशास्त्र विभाग : डॉ. प्रिया भल्ला, विभाग प्रभारी

1. 22 सितम्बर 2017 को "Demonetisation: Its impact on Indian Economy" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।
2. अर्थशास्त्र विभाग ने 6 अप्रैल 2018 को वार्षिक उत्सव 'Eco-Fest' का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. अनन्या घोष दस्तीदार (एसोशिएट प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने "Assets Market, Financial Stability and Macro Prudential Measures" विषय पर व्याख्यान दिया। इसके साथ–साथ विभाग के विद्यार्थियों ने कुछ कार्यक्रम किए :
    1. Euro Next Stock Bulding
    2. Just a Minute
    3. Treasure Hunt
    4. Chanakya

## ➢ पर्यावरण विज्ञान विभाग : डॉ. प्रिया भल्ला, विभाग प्रभारी

➢ पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से 27 अक्टूबर 2017 को कॉलेज परिसर पर 'Best out of waste' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य था – 3R’s - Recycle, Reuse and Reduce के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराना।

## ➢ हिन्दी विभाग : डॉ. राजेश कुमारी कौशिक, विभाग प्रभारी

1. 29 अगस्त 2017 को हिन्दी–विभाग द्वारा स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
2. 14 सितम्बर 2017 हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी–विभाग की ओर से 'गद्य की विविध विधाओं में रचनात्मक लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
3. 13 अक्टूबर 2017 को हिन्दी साहित्य विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
4. 23 जनवरी 2018 को हिन्दी विभाग की ओर से 'सुलेख एवं शुद्ध वर्तनी लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
5. 5 अप्रैल 2018 को हिन्दी–विभाग की ओर 'आशु–भाषण' (Extempore Competition) का आयोजन किया गया।
6. हिन्दी–विभाग के तत्त्वावधान में 2 फरवरी 2018 को 'लिखावट संस्था' के सहयोग से महाविद्यालय में काव्य–संगोष्ठी का अयोजन किया गया जिसमें समकालीन कवियों डॉ. अनामिका, श्री नरेन्द्र पुंडरीक, श्री दिविक रमेश, श्री मिथिलेश श्रीवास्तव और श्री मंगलेश डबराल जैसे प्रतिष्ठित कवियों द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत किया गया।

## ➢ वाणिज्य विभाग : श्री रजनीश क्लेयर, विभाग प्रभारी

1. विभाग की 'Excellencia' ने 22–23 मार्च 2018 को विभागोत्सव "Combezz" आयोजित किया।
2. 'Bizz Digest' नाम से द्विमासिक पत्रिका प्ररम्भ किया।

## ➢ राजनीति विज्ञान विभाग : डॉ सुषमा गुप्ता, विभाग प्रभारी एवं जेन्डर सेनसेटाईजेशन समिति

राजनीति विज्ञान विभाग और जेन्डर सेनसेटाजेशन समिति ने 8–14 मार्च 2018 तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'Women's Week' मनाया। इस अवसर पर छात्र और छात्राओं को जागरूक करने के लिए कई व्याख्यान का आयोजन किया गया

तथा कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम को सार्थक दिशा देने में प्राचार्य डॉ. विचित्रा, Additional DCP (दक्षिणी–पश्चिमी दिल्ली) श्रीमति मोनिका भारद्वाज, School of Gender & Development Studies, IGNOU, प्रोफेसर सविता सिंह, सामाजिक कार्यकर्त्ता श्रीमती जगमति सांग्वॉन और का अपूर्व योगदान रहा। इसके साथ–साथ दिल्ली पुलिस ने छात्राओं को चार दिन की आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी। इसके अलावा साइबर क्राइम विशेषज्ञ श्री उम्मेद मीन ने साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए।

हमारे महाविद्यालय में जेन्डर सेनसेटाइजेशन समिति है जो कि दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर छात्र–छात्राओं को महिला अधिकार, जूवेनाइल क्राईम एवं eve teasing आदि विषयों पर अलग–अलग कार्यक्रमों के द्वारा जानकारी प्रदान करते रहे हैं। इस समिति के सदस्य हैं–

1. डॉ. विचित्रा (संयोजक)
2. डॉ. अंजली अग्रवाल (सह–संयोजक)
3. डॉ. प्रदीप शरण
4. डॉ. जी.एन. त्रिवेदी
5. डॉ. अन्नपूर्णा शर्मा
6. श्रीमती दीपिका हांडा
7. सुश्री पुष्पा मीना
8. सुश्री इष्टा वोहरा
9. डॉ. अर्चना कुमारी

## ➢ **<u>NSS द्वारा आयोजित कार्यक्रम</u>**

1. दिनांक 21 जून 2017 को महाविद्यालय प्रांगण में 'इन्टरनेशनल योगा दिवस' का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

2. दिनांक 9 जनवरी 2018 को महाविद्यालय में Blood Donation Camp लगाया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने रक्तदान किया।
3. दिनांक 25 जनवरी 2018 को दिल्ली पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा व नियमों के लिए छात्र–छात्राओं को जागरूक किया गया।

### ➢ Career and Placement Committee

इस समीति ने इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य किए। इस समीति के माध्यम से 20 विद्यार्थियों को Intership मिला तथा 10 विद्यार्थियों को Placement | इस समीति ने विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक कार्यक्रम का भी आयोजन किया। 23 मार्च 2018 को इस समीति ने श्रीमती सुगंधा शर्मा और श्रीमती भावना रावल को 'Soft Skills' पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया।

### ➢ SC/ST Cell

SC/ST Cell ने 12 अप्रैल 2018 को "Constitution and Women" विषय पर Indian Law Institute के प्रो. लतिका वशिष्ठ को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया।

### ➢ North-East Cell

1. North-East Cell ने 15 मार्च 2018 को आयोजित सांस्कृतिक उत्सव में अपने क्षेत्र के विभिन्न परम्परागत पोषाकों का प्रदर्षन किया।
2. North-East Cell ने 12 अप्रैल 2018 को "Cultural Interaction between India's North-East and the rest of India" विषय पर युवा और सेवा फाउंडेशन के सदस्य को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया।

➢ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता 2017 में हिन्दी ऑनर्स के छात्र कुलदीप कुमार पाठक ने राज्य स्तर पर सर्वोच्च

स्थान प्राप्त किया है। उन्हें उपहार स्वरूप ट्रॉफी, प्रमाण–पत्र और 5000 रु नगद मिला।

- नवम्बर 2017 के पहले सप्ताह को 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह' मनाया गया।
- 26 नवम्बर 2017 को 'संवैधानिक दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्रार्चाय, प्रध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र–छात्राओं नें संविधान की प्रस्तावना के आद**र्शों** की **श**पथ ली।
- श्री कान्हा राम मीणा के नेतृत्त्व में हमारे कॉलेज में 12 जनवरी 2018 को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस के अवसर पर "राष्ट्रीय युवा दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विचित्रा ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। इसके बाद स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाया गया।
- 22 जनवरी 2018 को 'सरस्वती पूजा' का आयोजन किया गया।
- 25 जनवरी 2018 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया गया।
- हमारे कॉलेज ने 21 फरवरी 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया।
- 21 फरवरी 2018 को माननीय प्रधनमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'परीक्षा और शिक्षा'विषय पर व्याख्यान का प्रदर्शन किया।
- कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने 23 मार्च 2018 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की याद में "शहीदी दिवस" मनाया।
- 13 अप्रैल 2018 को विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा की मांग करते हुए शांतिपूर्वक कैंडल लाइट मार्च निकाला।
- हिंदी ऑनर्स के पूर्व छात्र सोनू चौबे अपने साथियों के साथ मिलकर अर्द्ध–मासिक 'कैंपस संधान' नामक समाचार पत्र इस वर्ष से निकाल रहे हैं।

- हमारे कॉलेज के 'जेंडर चैम्पियन सोसायटी' ने 3–4 अप्रैल 2018 को #METOO विषय पर अंतर्महाविद्यालय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

- इन सब के अतिरिक्त महाविद्यालय की सांस्कृतिक समितियों ने इस वर्ष उम्मीद से बढ़कर कार्य किया। वे समितियां हैं–

1. वाद–विवाद समिति
2. संगीत समिति
3. नृत्य समिति
4. फोटोग्राफी समिति
5. कला एवं साहित्य समिति
6. नाट्य समिति
7. North-East Society

निम्नलिखित Societies के कार्यक्रम इस प्रकार हैं–

1. हमारी नाटक Society, ASTITVA ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में नाटक का प्रदर्शन किया तथा Street Plays और Film-Making जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य भी किए।

2. हमारे कॉलेज की फोटोग्राफी Society, CHITRAGRAHINI ने कॉलेज में Photo Exhibition का कार्यक्रम रखा था।

3. हमारे कॉलेज की वाद–विवाद Society, ALFAAZ ने अंतर्महवाविद्यालय प्रतियोगिता आयोजित किया।

4. हमारी संगीत Society, FUSION के तत्वावधान में छात्र–छात्राओं ने अनेक संगीत समारोहों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

5. हमारे कॉलेज की कला एवं साहित्य Society, IRIS छात्र–छात्राओं को कविता, चित्रकारी कलाओं में रूचि उत्पन्न करने का एक प्रेरक मंच है।

6. भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों से आये हमारे महाविद्यालय के North-East छात्र–छात्राओं की भी एक Society है जो उत्तर पूर्वी राज्यों की संगीत–नाच एवं संस्कृति से लोगों को परिचित कराने का कार्य करते हैं।

   1. 11 अप्रैल 2017 को इन्होंने "Ethnic Relations : Opportunities & Challenges in the discourse of North East" विषय पर डॉ. Alana Gonmei द्वारा व्याख्यान कराया।
   2. 24–25 अगस्त 2017 को कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी Tribal Folk Dances of India में North East के छात्र–छात्राओं ने लोकनृत्य की प्रस्तुति की।

उपर्युक्त सोसायटी से जुड़े छात्र, छात्राओं ने स्थानीय एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

## कॉलेज पत्रिका

'अस्मिता' कॉलेज की पत्रिका है, जो नियमित रूप से प्रतिवर्ष प्रकाशित होती है। इसमें पूरे वर्ष की कॉलेज में होने वाली विभिन्न गतिविधियों का सचित्र विवरण तो होता ही है, साथ ही यह पत्रिका छात्र–छात्राओं को उनकी रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति के लिए भी एक मंच प्रदान करती है। 'अस्मिता' में कॉलेज के प्राध्यापकों–कर्मचारियों की रचनाएं भी छपती हैं। **इस पत्रिका के संपादक मंडल के सदस्य हैं–**

| | |
|---|---|
| प्रधान संपादकः | कान्हा राम मीणा (हिन्दी विभाग) |
| सदस्य, संपादक मंडलः | डॉ. बृजकिशार (हिन्दी विभाग) |
| सदस्य, संपादक मंडलः | डॉ. प्रदीप शरण (अंग्रेजी विभाग) |

## स्टाफ काउंसिल

डॉ. प्रिया भल्ला स्टॉफ काउंसिल की सचिव हैं। काउंसिल में शैक्षणिक स्तर और अनुशासन को बेहतर बनाने जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से विचार–विमर्श होता है तथा पारित प्रस्तावों और सुझावों को कार्यन्वित किया जाता है। डॉ. प्रिया भल्ला ने इस सत्र में मुझे जो सहयोग दिया है, उसके लिए मैं उन्हें हार्दिक धन्यवाद देती हूँ।

## स्टॉफ एसोसिएशन

कॉलेज में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को कल्याणकारी कार्यों के लिए एसोसिएशन और यूनियन आदि का गठन भी प्रति वर्ष की भांति हुआ है।

**स्टॉफ एसोसिएशन के सदस्य हैं –**

अध्यक्ष – श्री विजय सिंह

उपाध्यक्ष – डॉ. विद्याशंकर सिंह

सचिव – डॉ. विष्णु चरण नाग

संयुक्त सचिव – डॉ. प्रिया भल्ला

कोषाध्यक्ष – श्री कान्हा राम मीणा

स्टॉफ एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए मैं उनका धन्यवाद देती हूं।

**हमारे नवनिर्वाचित स्टॉफ एसोसिएशन के सदस्य हैं –**

अध्यक्ष – डॉ. प्रह्लाद कुमार बैरवा

उपाध्यक्ष – श्री कान्हा राम मीणा

सचिव – श्री प्रेम कुमार

संयुक्त सचिव – डॉ. अंजलि अग्रवाल

कोषाध्यक्ष – डॉ. पिन्टू कुमार

## कार्मचारी एसोसिएशन

अध्यक्ष– श्री राजीव दत्ता

उपाध्यक्ष– श्री बाबू राम

सचिव– श्री दलजीत सिंह

कोषाध्यक्ष– श्री रवि तिवारी

वर्किंग कमिटी सदस्य– श्री चन्दरप्रकाश शर्मा

## छात्र–संघ

आज का छात्र जहां अपने अधिकारों की मांग करता है वहीं वह अपने कर्त्तव्य के प्रति पूर्ण रूप से सजग भी है। छात्र–संघ के पदाधिकारियों ने छात्रों की समस्याओं के समाधान में निरन्तर अपनी तत्परता दिखाई है। इसके लिए मैं छात्र–संघ के पदाधिकारियों को बधाई देती हूँ। छात्र–संघ के सलाहकार समिति के प्रति मैं हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, जिन्होंने प्रशासन और छात्रसंघ के बीच सेतू का कार्य किया और समस्याओं के निराकरण में मेरी निरंतर सहायता की।

**वर्तमान छात्र–संघ के पदाधिकारी हैं–**

अध्यक्ष : फैजल खान

उपाध्यक्ष : मनमीत सिंह

सचिव : सिद्धार्थ राज

संयुक्त सचिव : नवीन सेहरावत

सेंट्रल काउंसलर : आलोक कुमार और अमर दहिया

छात्रसंघ 2017–18 की ओर से दिनांक 24 अक्टूबर 2017 को नव–आगंतुक छात्र–छात्राओं के लिए Freshers Party का आयोजन किया गया। छात्र–संघ के तत्त्वावधान में दिनांक 15–16 मार्च 2018 को हमारे कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र–छात्राओं द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता यह थी कि इसकी सभी प्रस्तुतियाँ और प्रबंधन विद्यार्थियों तथा छात्र संघ के पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयत्न का प्रतिफल था। छात्र संघ के पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयत्न का प्रतिफल था। छात्र संघ के परामर्शदाता समिति

साथ ही सांस्कृतिक समिति की निष्ठा और परिश्रम से यह सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत आकर्षक, प्रभावी और सफल रहा। इस सफलता के लिए मैं समिति के सदस्यों को धन्यवाद कहती हूं –

| Student Union Advisory Committee | Discipline Committee | Cultural Committee |
|---|---|---|
| 1. Kanha Ram Meena, (Convenor)<br>2. Dr. Vichitra<br>3. Rajnish Kler | 1. D.C Varshney, (Convenor)<br>2. Dr. Vichitra<br>3. Dr. Sushma Gupta<br>4. Vijay Singh<br>5. Dr. Anjali Aggarwal | 1. Dr. Vishnu Charan Nag (Convenor)<br>2. Dr. Premlata Sharma<br>3. Dr. G N Trivedi |

## अध्ययनरत विद्यार्थी एवं परीक्षण परिणाम

हमारे महाविद्यालय में वर्ष 2017–2018 के सत्र में 2156 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। छात्रों की संख्या 1652 हैं तथा छात्राओं की संख्या 504 हैं।

यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है कि हमारा शैक्षिक स्तर दिनों–दिन श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर हुआ है। इसका उल्लेख करते हुए मुझे सुखद अनुभूति हो रही है। हमारा परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा है। मैं परीक्षा परिणाम का क्रमशः उल्लेख कर रही हूँ –

बी.ए. प्रोग्राम प्रथम वर्ष – 92 प्रतिशत
बी.ए. प्रोग्राम द्वितीय वर्ष – 96 प्रतिशत
बी.ए. प्रोग्राम तृतीय वर्ष – 84 प्रतिशत

बी.कॉम प्रथम वर्ष – 95 प्रतिशत
बी.कॉम. द्वितीय वर्ष – 98 प्रतिशत
बी.कॉम. तृतीय वर्ष – 95 प्रतिशत

बी.कॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष – 97 प्रतिशत
बी.कॉम आनर्स द्वितीय वर्ष – 98 प्रतिशत
बी.कॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष – 94 प्रतिशत

अंग्रेजी ऑनर्स प्रथम वर्ष – 95 प्रतिशत
अंग्रेजी ऑनर्स द्वितीय वर्ष – 98 प्रतिशत
अंग्रेजी ऑनर्स तृतीय वर्ष – 94 प्रतिशत

हिंदी ऑनर्स प्रथम वर्ष – 90 प्रतिशत
हिंदी ऑनर्स द्वितीय वर्ष – 100 प्रतिशत
हिंदी ऑनर्स तृतीय वर्ष – 74 प्रतिशत

इतिहास ऑनर्स प्रथम वर्ष – 95 प्रतिशत
इतिहास ऑनर्स द्वितीय वर्ष – 93 प्रतिशत
इतिहास ऑनर्स तृतीय वर्ष – 64 प्रतिशत

राजनीति विज्ञान ऑनर्स प्रथम वर्ष – 92 प्रतिशत
राजनीति विज्ञान ऑनर्स द्वितीय वर्ष – 93 प्रतिशत
राजनीति विज्ञान ऑनर्स तृतीय वर्ष – 93 प्रतिशत

## खेलकूद

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी लेख जगत में हमारे कॉलेज की उपलब्धियाँ विशिष्ट रही है।

➢ **<u>फुटबॉल</u>**

वर्ष 2017–18 में आयोजित 10वां भगत सिंह मेमोरियल फुटबॉल रूप में हमारी टीम विजेता रही।

राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता (संतोष ट्रॉफी) में दिल्ली राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे कॉलेज के तीन होनहार खिलाड़ी है–

1. अभिषेक रावत
2. आशीष
3. अर्जुन सिंह

हमारे कॉलेज के निम्नलिखित खिलाड़ियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से उत्तरी क्षेत्र तथा अन्तर्महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया।

1. नकुल सिंह
2. अभिषेक रावत
3. देवेश ठाकरान
4. अर्जुन सिंह बिष्ट

दिल्ली विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2017–2018 में हमारा कॉलेज रजत पदक प्राप्त किया। यह हमारे कॉलेज के लिए विशिष्ट उपलब्धि है। रजत पदक विजेता फुटबॉल टीम के सदस्य हैं –

1. नकुल सिंह – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
2. वरुण मिश्रा – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
3. नवीन तक्षक – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
4. उज्ज्वल भण्डारी – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
5. साहिल नागल – अंग्रेजी (आनर्स) , प्रथम वर्ष
6. यमन – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
7. रोहित – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
8. अभिषेक रावत – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
9. आशीष यादव – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
10. अंकित कुमार – बी.ए. प्रोग्राम द्वितीय वर्ष
11. साई कुमार – राजनीति विज्ञान (आनर्स) द्वितीय वर्ष
12. शुभम यादव – बी.ए. प्रोग्राम तृतीय वर्ष
13. पाविंशन – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
14. अंकित जोसेफ – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
15. मुकेश कुमार – राजनीति विज्ञान (आनर्स) , द्वितीय वर्ष
16. अर्जुन विष्ट – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
17. मुकेश कुमार जूनियर – बी कॉम प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
18. डैनियल अभिषेक सरोही – अंग्रेजी (आनर्स), द्वितीय वर्ष

19. लक्ष्य – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष

20. मिलुलुन – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष

हमारे कॉलेज के फुटबॉल टीम ने Birla Institue of Technology and Science, गोवा द्वारा आयोजित सीप्री प्रतियोगिता 2017–18 में भाग लिया और उत्कृष्ट खेल का परिचय दिया।

## ➢ कबड्डी

2017–18 कबड्डी प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज का बहुत बेहतर प्रदर्शन रहा। दिल्ली विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में हमारा कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। कबड्डी टीम के सदस्य हैं–

1. दीपक तंवर – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
2. अशोक डागर – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
3. दीपांशु तंवर – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
4. दीपक सिंह – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
5. सचिन मावी – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
6. नीतिन मावी – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
7. बिपिन भावी – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
8. अजय बधुरिया – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
9. अंकित कुमार – बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष
10. विजय बधुरिया – बी.ए. प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष
11. हिम्मत बिधुरी – बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष
12. प्रवीण कुमार – बी.ए. प्रोग्राम, द्वितीय वर्ष

प्रथम वर्ष के छात्र नीतिन भावी ने भारतीय कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व कर हमारे कॉलेज का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में भारतीय कबड़्डी टीम प्रथम स्थान पर रही थी। यह प्रतियोगिता 21–23 सितम्बर 2017 तक नेपाल के काठमांडू में सम्पन्न हुई।

## ➢ जूडो

वैभव मेहलावत बी.ए. प्रोग्राम प्रथम वर्ष के छात्र ने जालंधर में आयोजित जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। दीपक और वैभव मेहलावत ने अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिता में कास्य पदक जीता।

### ➢ <u>बॉक्सिंग</u>

यश टोकस राजनीति विज्ञान (आनर्स) ने अंतर्महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।

बी.ए. प्रोग्राम प्रथम वर्ष के छात्र पवन कुमार ने कांस्य पदक जीता।

### ➢ <u>कुश्ती</u>

दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अन्तर्महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज चार पहलवानों ने पदक जीता–

1. अमन जून– बी.ए. प्रोग्राम प्रथम वर्ष– रजत पदक
2. हिमांशु कटारिया– बी.ए. प्रोग्राम तृतीय वर्ष– कांस्य पदक
3. अर्शदीप सिंह पन्नु– बी.ए. प्रोग्राम द्वितीय वर्ष– कांस्य पदक
4 नवीन सेहराबत– हिन्दी ऑनर्स प्रथम वर्ष– कांस्य पदक

### ➢ <u>पावर लिफ्टिंग</u>

हमारे कॉलेज के रवि (हिन्दी ऑनर्स) ने अन्तरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया।

### ➢ <u>ताइकवाण्डो</u>

हमारे कॉलेज के बी.ए. प्रोग्राम प्रथम वर्ष छात्र भुनेश कुमार 2017–18 वर्ष के दिल्ली विश्वविद्यालय ताइकवाण्डो प्रतियोगिता में रजत पदक मिला।

## ➢ खेल दिवस

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 26–28 मार्च 2018 तक खेल दिवस का आयोजन किया गया। खेल दिवस का मुख्य समारोह 28 मार्च 2018 को आयोजित किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों के द्वारा भव्य मार्च–पास्ट किया गया। प्राचार्य डॉ. विचित्रा द्वारा किया गया ध्वजारोहन विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बना। खेल के मैदान में मार्च–पास्ट सभी खिलाड़ियों एवं एथलीट्स के विजेता बनने के दृढ़ संकल्प को चरितार्थ कर रहा था। इस प्रतियोगिता में जहाँ एक ओर बहुत संख्या में विद्यार्थियों के विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं दूसरी ओर प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भी दौड़, रस्साकस्सी जैसे प्रतियोगिताओं में भाग लेकर दिवस को अविस्मरणीय बनाया।

इस अवसर पर पद्श्री पुरस्कार एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तथा कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता मानवीय सुश्री कुंजारानी देवी मुख्य अतिथि थीं।

अब मैं कॉलेज खेल जगत की महत्त्वपूर्ण घोषणा करने जा रही हूँ। इस वर्ष सिमरन कपूर (बी.ए. प्रोग्राम, तृतीय वर्ष) को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट तथा रोहित ग्रेवाल (बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष) को सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट घोषित किया गया है।

वर्ष 2017–18 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कबड्डी के नीतिन मावी (बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष) को घोषित किया गया है।

मैं कॉलेज की खेल उपलब्धियों के लिए डॉ. दिनेश चन्द्र वार्ष्णेय (विभाग–प्रभारी) और डॉ. मनोज राठी (असिस्टेंट प्रोफेसर फिजिकल एजकेशन) को हार्दिक धन्यवाद देती हूँ, जिनके कुशल निर्देशन और परिश्रम से ही हमारे कॉलेज के प्रतियोगी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

प्रस्तुत विवरणिका की परिसमाप्ति से पूर्व मैं अपने सभी सहकर्मी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विभिन्न समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों के प्रति अपना आभार प्रकट करती हूँ, जिनके सहयोग के बिना यह सब संभव नहीं था। डॉ. प्रदीप शरण संयोजक (अंग्रेजी विभाग) सुश्री पुष्पा मीना (हिंदी विभाग), श्री देवाशीष पराशर (अंग्रेजी) सुश्री इष्टा वोहरा (राजनीति विज्ञान विभाग) और डॉ. विपुल कुमार (हिंदी विभाग) के प्रति विशेष आभार प्रकट करती हूँ, जिन्होंने वार्षिक विवरणिका को प्रस्तुत करने में मेरा सहयोग किया। साथ ही जलपान के संयोजक डॉ. राधानाथ त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप शरण, सुश्री इष्टा वोहरा और श्री निशांत शर्मा का विशेष आभार प्रकट करती हूँ।

दिल्ली पुलिस के अधिकारी मेरे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने में निरंतर सक्रियता के साथ अपने गहन दायित्व का निर्वाह किया।

छात्र–छात्राओं का उल्लेख इस दृष्टि से विशेष महत्त्वपूर्ण है जिन्होंने अनेक अभावों और कठिनाइयों के होते हुए भी न केवल अध्ययन के क्षेत्र में बल्कि राष्ट्रीय स्तर के खेल–जगत में भी अपना स्थान बनाकर हमें गौरवान्वित किया है।

मैं निष्ठा के साथ कॉलेज–परिसर को Gender-Equal, Eco-friendly, एवं सुरक्षित बनाने का प्रयास कर रही हूं। प्रशासनिक स्तर मैं अनुशासन, कार्यनिर्वाह क्षमता एवं आपसी तालमेल बेहतर करने की कोशिश कर रही हूं। आने वाले समय में मैं अकादमिक, सांस्कृतिक, खेल–कूद एवं अन्य गतिविधियों को और बेहतर करने के साथ–साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखर कर बेहतर इन्सान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

मैं प्रो. सुषमा यादव के प्रति विशेष रूप से अनुगृहित हूँ, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर हम सबको उपकृत कर इस संस्था को गौरव प्रदान किया। आज के उत्सव की सफलता के लिए मैं अपने सहयोगी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं को बधाई देती हूँ तथा उनके प्रति पुनः धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

दिनांकः 18 अप्रैल 2018

डॉ. विचित्रा

कार्यवाहक प्राचार्य